नरेश पाल गंगवार, आई.ए.एस.
शासन सचिव

सत्यमेव जयते

स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग
राजस्थान सरकार, जयपुर

अ.शा. पत्र क्रमांक 117

जयपुर, दिनांक 05/01/2018

प्रिय संस्थाप्रधान जी,

जैसा कि आपको विदित है 05 फरवरी, 2018 को आयोजित होने वाली कक्षा 10 की **"नेशनल अचीवमेन्ट सर्वे"** (NAS) Cycle-2 परीक्षा राजस्थान में आयोजित होगी। पूर्व में भी 13 नवम्बर, 2017 को "नेशनल अचीवमेन्ट सर्वे" Cycle-1 परीक्षा आयोजित की गयी थी जिसमें आप द्वारा विशेष प्रयास कर विद्यार्थियों को OMR Sheet उपयोग करने एवं "नेशनल अचीवमेन्ट सर्वे" परीक्षा में हेतु अच्छी तैयारी करवाई गयी थी। इसी प्रकार "नेशनल अचीवमेन्ट सर्वे" Cycle-2 के लिए आपको कक्षा 10 के विद्यार्थियों की तैयारी पर विशेष ध्यान देना है। इसमें आपकी सहायता हेतु शीघ्र ही प्रश्न बैंक/मॉडल पेपर शाला दर्पण पर उपलब्ध कराया जायेगा। आप उसके उपयोग के साथ–साथ आपके स्तर पर भी OMR Sheet उपयोग करने एवं कक्षा 10 के Learning Level के अनुसार प्रश्नों को सृजित कर विद्यार्थियों को **प्रतिदिन** अभ्यास करावें।

अब तक आप द्वारा शिक्षा को सुधारने में किये गये निरन्तर प्रयासों का परिणाम "नेशनल अचीवमेन्ट सर्वे" परीक्षा के माध्यम से पूरे देश में प्रदर्शित होगा। अतः आपसे अपेक्षा है कि सम्पूर्ण रूप से समर्पित होकर इस मूल्याँकन की तैयारी में स्वयं एवं आपके अधीन समस्त अध्यापकों से विद्यार्थियों को अच्छे से प्रशिक्षित करायेंगे।

सादर।

5/1/18
(नरेश पाल गंगवार)

www.rajteachers.com

समस्त प्रधानाचार्य
राजस्थान